
**सुविचार**



धन से आज तक किसी को खुशी नहीं मिली और न ही मिलेगी, जितना अधिक व्यक्ति के पास धन होता है, वह उससे कहीं अधिक चाहता है। धन रिक्त स्थान को भरने के बजाय शून्यता को पैदा करता है। - बेंजामिन फ्रेंकलिन


**बरेली के प्रमुख समाचार**

- आंध्र प्रदेश-महाराष्ट्र से आ रहे खरबूज-तरबूज-II
- लेखपाल के गलत नापजोख करने से निजी भूमि पर खोद दिया नाला-III
- महिलाओं के योगदान से ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव-IV


# बुलडोजर देख भड़के व्यापारी, अतिक्रमण हटाने पर हंगामा

## सीएम ग्रिड के तहत कोहड़ापीर से धर्मकांटा चौराहे तक कराया जा रहा है सड़क सौंदर्यीकरण का कार्य

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दुकानों के आगे बने टीन शेड और प्लेटफॉर्म को हटाने पहुंची थी टीम
- नोटिस न देने का आरोप लगाकर व्यापारियों ने किया जोरदार विरोध



लल्ला मार्केट के पास बुलडोजर से अतिक्रमण को ध्वस्त कराती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सीएम ग्रिड योजना के तहत कोहाड़ापीर से धर्मकांटा चौराहे तक शनिवार को अतिक्रमण के दौरान व्यापारियों हंगामा कर दिया। व्यापारियों का आरोप था कि बिना किसी नोटिस के अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान नगर निगम के अधिकारियों से तीखी नोक-झोंक हुई। हंगामा बढ़ने पर कार्रवाई को कुछ देर रोक कर व्यापारियों के साथ वार्ता के बाद पुनः कार्रवाई शुरू हुई और शाम पांच बजे तक जारी रही।

सीएम ग्रिड योजना के तहत कोहाड़ापीर से धर्मकांटा चौराहे तक चल रहे सड़क सौंदर्यीकरण के कार्य के दौरान शनिवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई ने अचानक तूल पकड़ लिया। सुबह करीब 11 बजे प्रवर्तन दल प्रभारी सीबी जोशी और निर्माण विभाग के अभियंता बुलडोजर के साथ भारत सेवा ट्रस्ट के सामने पहुंचे और सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रहे टीन शेड, प्लेटफॉर्म और अन्य अस्थायी ढांचों को हटाने की कार्रवाई शुरू की तो दुकानदारों में आक्रोश फैल गया। कुछ ही मिनटों में बड़ी संख्या में व्यापारी मौके पर जमा हो गए। व्यापारियों ने नगर निगम की टीम का घेराव करते हुए जोरदार विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते माहौल गरमा गया और मौके पर तीखी बहस, नोकझोंक और हंगामे की स्थिति बन गई। हालात ऐसे हो गए कि स्थिति को संभालने के लिए अधिकारियों को व्यापारियों से बातचीत करनी पड़ी और कुछ समय तक कार्रवाई प्रभावित रही।

विरोध कर रहे व्यापारियों का आरोप था कि नगर निगम बिना किसी स्पष्ट सूचना के अचानक बुलडोजर लेकर पहुंच गया और दुकानों के सामने बने ढांचों को तोड़ना शुरू कर दिया। व्यापारी गुड्डू, अजय, शिव कपूर, अनिल अग्रवाल आदि ने बताया कि दुकानें कई वर्षों से यहां संचालित हो रही हैं और सभी दुकानदारों पास संबंधित कागजात भी मौजूद हैं। उनका कहना था कि यदि किसी प्रकार का अतिक्रमण था तो नगर निगम को पहले लिखित नोटिस देकर समय देना चाहिए था, ताकि वे खुद अपने स्तर से दुकानों के आगे बने टीन शेड और अन्य निर्माण हटा लेते। कहा कि अचानक कार्रवाई से उनके व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है और सामान हटाने का भी समय नहीं मिला। कुछ व्यापारियों ने इसे मनमानी कार्रवाई बताते हुए कड़े विरोध की चेतावनी दी। हालांकि उनकी एक नहीं चली। चित्रकार को मौके पर बुलाकर व्यापारियों को नक्शा दिखाया गया। इसके बाद भी कुछ देर तक माहौल तनावपूर्ण बना और आसपास लोगों की भीड़ भी जुट गई, जिससे क्षेत्र में अफरातफरी जैसी स्थिति बन गई।

**अधिकारी बोले**

- पहले ही लगाए जा चुके अवैध अतिक्रमण पर निशान
- व्यापारियों से बातचीत के बाद जारी रही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई

इधर, नगर निगम के अधिकारियों ने व्यापारियों के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि सीएम ग्रिड परियोजना के तहत सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्य किया जा रहा है। केवल इसमें बाधा बनने वाले अतिक्रमण को हटाया जा रहा है। कहा कि कई दुकानदारों ने दुकानों के आगे टीन शेड, प्लेटफॉर्म और अन्य अस्थायी निर्माण कर सड़क की जमीन पर कब्जा कर रखा है, जिससे निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि अवैध अतिक्रमण पर पहले ही निशान लगाए जा चुके थे और दुकानदारों को मौखिक रूप से भी चेतावनी दी गई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि निगम केवल दुकानों के आगे किए अवैध अतिक्रमण को हटा रहा है, ताकि सड़क निर्माण का काम तेजी से पूरा हो सके और शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। कार्रवाई के दौरान निर्माण विभाग के सहायक अभियंता, अवर अभियंता, प्रवर्तन दल प्रभारी आदि मौजूद रहे।

**पेट्रोल पंप को बचाने का लगाया आरोप**

व्यापारियों ने आरोप लगाया कि सूद धर्मकांटा चौराह से कोहाड़ापीर तक सड़क चौड़ी किया जाना है। कई दुकानदारों ने आरोप लगाया कि निगम केवल छोटे दुकानदारों को निशाना बना रहा है, जबकि कोहाड़ापीर चौराहे पर बना पेट्रोल पंप भी कार्रवाई की जद में आ रहा है। इसे जानबूझकर नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। इस दौरान कुछ व्यापारी काफी आक्रोशित नजर आए और उन्होंने बुलडोजर की कार्रवाई को रोकने की कोशिश भी की।



**इफ्तार** रविवार शाम
सुन्नी: 6:21
शिया: 6:29

**सहरी** सोमवार सुबह
सुन्नी: 5:07
शिया: 4:58

**सिटी ब्रीफ**

### जांच : सात बच्चों में डायरिया की पुष्टि

**बरेली, अमृत विचार :** बुखार के साथ-साथ डायरिया के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। जिला अस्पताल में शनिवार को वार्ड में 24 बच्चे भर्ती थे, जिनमें से 14 बच्चों में डायरिया के लक्षण पाए गए। इनमें से सात बच्चों की जांच में डायरिया की पुष्टि भी हो चुकी है। डॉ. राहुल वाजपेयी ने बताया कि इस मौसम में बच्चों को खास सावधानी की जरूरत है।

### मतुआ महामेला के लिए 15 से विशेष गाड़ी

**बरेली, अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल के मतुआ महामेला को लेकर पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल की ओर से विशेष गाड़ी का संचालन 15 से 18 मार्च तक किया जाएगा। इज्जतनगर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा के अनुसार 05030 काठगोदाम-ठाकुरनगर विशेष गाड़ी का संचालन 15 मार्च को काठगोदाम से 10.00 बजे, किच्छा से 11.18, बरेली सिटी से 12.30, बरेली जंक्शन से 13.20, लखनऊ जंक्शन से 18.10 बजे, रामपुरहाट से 13.30 बजे, नैहाटी जंक्शन से 17.05 बजे व दमदम जंक्शन से 17:55 बजे प्रस्थान कर ठाकुरनगर 20.40 बजे पहुंचेगी।

**शहर में आज**

- अखिल भारतीय साहित्य परिषद बृज प्रांत की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गोष्ठी एवं होली मिलन कार्यक्रम कैम्ब्रिज स्कूल में शाम 4 बजे।
- श्री गणेश उत्सव समिति की ओर से मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा से पूर्व कलश यात्रा दोपहर 2 बजे।
- गुर्जर युवा संगठन की ओर से होली मिलन कार्यक्रम जीवी लॉन सौ फुटा रोड पर सुबह 11 बजे।
- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह पर जीडी हेरिटेज जनपद न्यायालय के सामने दोपहर 12 बजे।
- पाल छत्रिय सेवा समिति की ओर से होली मिलन समारोह एवं मेधावी छात्र सम्मान पाल छात्रावास शास्त्री नगर में दोपहर 12 बजे।
- मॉडल टाउन स्थित आर्य समाज के स्थापना दिवस पर तीन दिवसीय कार्यक्रम सुबह 7 से 11 बजे तक।
- बड़ी बमनपुरी में रामलीला का मंचन रात 8 बजे।
- दरगाह आला हजरत पर रोजा इफ्तार शाम 6 बजे
- त्रिवटी नाथ मंदिर में श्री रामचरितमानस कथा शाम 4 से 6 बजे तक।

# कोर्ट परिसर में दरोगा से भिड़ने पर तीन लिपिक सस्पेंड किए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- होली पर शराब के नशे में हंगामा करने का भी आरोप
- शिकायत मिलने के बाद जिला जज ने कराई थी जांच

**अमृत विचार :** कोर्ट परिसर में होली वाले दिन शराब पीकर हंगामा करने वाले तीन लिपिकों ने रिमाण्ड ड्यूटी पर आए एक दरोगा से अभद्रता की, दरोगा के विरोध जताते हुए उसके वीडियो बनाने पर उसके साथ लिपिकों ने हाथापाई भी की। इस मामले में जिला जज ने शिकायत मिलने पर तीन लिपिकों के विरुद्ध जांच करायी। जांच में आरोप सही पाए जाने पर तीनों को निलम्बित कर दिया है।

कोर्ट सूत्रों के अनुसार होली के दिनों में न्यायालय परिसर में अवकाश था, हालांकि स्पेशल वर्क रिमाण्ड आदि कार्यों के लिए रिमाण्ड मजिस्ट्रेट ड्यूटी पर मौजूद रहे। बताते हैं कि कोर्ट परिसर में तैनात तीन लिपिक शराब पी रहे थे। इसी दौरान वहां पहुंचे दरोगा ने रिमाण्ड बाबत उनसे कुछ पूछा। इस पर लिपिक नशे में अभद्रता करने लगे। कहासुनी बढ़ने और वीडियो बनाने पर लिपिकों ने दरोगा से हाथापाई शुरू कर दी, स्टार नोच लिये। दरोगा और लिपिकों के बीच विवाद काफी देर होता रहा। मामला न्यायिक अधिकारियों की जानकारी में आया तो प्रकरण में जांच बैठाई गई। आपत्तिजनक सामग्री बरामद होने व घटना की सत्यता सामने आने पर जिला जज ने तीन आरोपी लिपिकों के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई कर दी। मामला शनिवार को कोर्ट परिसर से बाहर आ गया।

# बकाया टैक्स पर निगम सख्त, तीन जोन में 12 भवन सील

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जोन-एक से तीन तक संपत्ति कर वसूली को चलाया विशेष अभियान
- कार्रवाई के दौरान 17.59 लाख रुपये नगर निगम कोष में जमा कराए



गंगापुर में दुकानों को सील करती नगर निगम की टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर निगम के संपत्ति कर विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 की समाप्ति की तारीख नजदीक आते ही कर वसूली के लिए कड़ा रवैया अपनाया। संपत्ति कर विभाग तीन जोन में निर्धारित समयावधि में बकाया कर जमा न करने वाले 12 भवन स्वामियों की संपत्तियों को शनिवार को सील कर दिया। मौके पर 7.59 लाख रुपये टैक्स की रिकवरी की है।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने बताया कि सुबह 11 बजे निकली टीमों ने जोन वन में सिविल लाइंस के राधे श्याम, बांसमंडी के दारुल उलूम की सम्पत्तियां सील की गईं। जोन-दो में बांसमंडी के मोहम्मद अजीज, आलमगिरीगंज के मुन्ना लाल, बांसमंडी के मैसर्स राम गोपाल व अनिल कुमार के भवन सील हुए। जोन-तीन में सूफीटोला के मकबूल अहमद, गोविन्द राम, प्रदीप कुमार, अनुपम अग्रवाल की संपत्तियों पर शिकंजा कसा। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने स्पष्ट किया है कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, और किसी को भी बकाया कर से बचने की छूट नहीं मिलेगी। सभी भवन व संपत्ति स्वामियों को चेतावनी दी है कि शीघ्र बकाया कर जमा करें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

### ठिरिया खेतल में अवैध कॉलोनी पर चला बीडीए का बुलडोजर



**बरेली, अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने फतेहगंज पश्चिमी के ग्राम ठिरिया खेतल में शनिवार को अवैध कालोनी पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। बीडीए की टीम ने बुलडोजर चलाकर अवैध कॉलोनी की बाउंड्रीवाल ध्वस्त कर दी। बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकन्डन.ए ने बताया कि जांच में पाया गया कि शेखावत ने लगभग सात हजार वर्ग मीटर में बिना मान्यता के भूखंड चिन्हित किए, सड़कें और बाउंड्रीवाल बनवाकर कालोनी का निर्माण कराया। प्राधिकरण के सहायक अभियंता धर्मवीर सिंह और अवर अभियंता संदीप कुमार के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम ने कार्रवाई करते हुए बुलडोजर से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। प्राधिकरण ने सभी नागरिकों को चेतावनी दी कि उप्र नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 के तहत किसी भी प्रकार का निर्माण या प्लॉटिंग करने से पहले बरेली विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराना अनिवार्य है। बिना स्वीकृति के निर्माण अवैध माना जाएगा और उसे ध्वस्त किया जा सकता है, इसलिए भवन या भूखंड खरीदने से पहले मानचित्र की वैधता जरूर जांच लें, अन्यथा कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# सेना भर्ती के समय नकटिया रोड पर ट्रैफिक रहेगा वन-वे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जंक्शन, सेटेलाइट व बस अड्डे पर तैनात रहेगी ट्रैफिक पुलिस
- एसपी ट्रैफिक ने सभी को किया ब्रीफ, अभ्यर्थियों को बताएंगे रास्ते



"सेना भर्ती रैली को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजन के समय नकटिया रोड पर ट्रैफिक वनवे कर दिया जाएगा। बस अड्डे और स्टेशनों पर ट्रैफिक पुलिस तैनात रहेगी, जो अभ्यर्थियों को रास्ता बताएगी।

-मोहम्मद अकमल खान, एसपी ट्रैफिक

**अमृत विचार :** सेना भर्ती रैली को लेकर ट्रैफिक पुलिस की ओर से तैयारी की गई है। बरेली जंक्शन से बस अड्डों तक ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा, ताकि बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों कोई दिक्कत न हो। नकटिया रोड पर भर्ती के समय तक ट्रैफिक वन-वे रहेगा। ट्रैफिक पुलिसकर्मी अभ्यर्थियों को रास्ता भी बताएंगे

जाट रेजिमेंट केंद्र पर 11 से 23 मार्च तक भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के तहत सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, सीतापुर, संभल, पीलीभीत, हरदोई, बदायूं समेत अन्य जिलों के अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। भर्ती में बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को किसी तरह की कोई समस्या न हो, इसको लेकर यातायात पुलिसकर्मियों को ब्रीफ कर दिया गया है। यातायात कर्मी बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को रास्ता बताने का काम करेंगे। सेटेलाइट, पुराना बस अड्डे के अलावा बरेली जंक्शन, इज्जतनगर स्टेशन पर ट्रैफिक कर्मी लगाए जाएंगे। जबकि नकटिया रोड के हरभजन द्वार से नकटिया चौकी तक आयोजन के दिनों में रात 7 से सुबह 11 तक ट्रैफिक को वनवे कर दिया जाएगा। जिससे अभ्यर्थियों को पैदल चलने में किसी तरह की दिक्कत न हो।

### सेना भर्ती रैली में बिजली व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को लेकर जुटा विभाग



जाट रेजीमेंट परिसर में होने वाली सेना भर्ती रैली को लेकर बिजली विभाग की तरफ से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने भर्ती के दौरान केंद्र में बेहतर बिजली आपूर्ति देने के निर्देश दिए हैं। शनिवार देर शाम अधिशासी अभियंता नितिन सिंह और मनोज कुमार समेत अन्य स्टाफ ने जाट रेजीमेंट सेंटर के आसपास बिजली की लाइन को देखा। निरीक्षण के दौरान जो कमी पाई गई, उसे 11 मार्च से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। जिससे भर्ती के दौरान बिजली आपूर्ति लगातार चलती रहे। अभ्यर्थियों को किसी तरह की दिक्कत न हो।

# ई-ऑफिस से कार्य नहीं करने वालों का मार्च का वेतन रोकें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- ई-ऑफिस के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का हुआ आयोजन
- जिलाधिकारी ने कहा- ई ऑफिस संचालित करने में कोई समस्या आए तो तुरंत निस्तारण कराएं

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने ई-ऑफिस के क्रियान्वयन के संबंध में शनिवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर निर्देश दिए कि जिन कार्यालयों व पटलों पर ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य नहीं हो रहा है, उनका माह मार्च का वेतन जारी नहीं होगा। ई-ऑफिस संचालित करने में जिसको भी कोई समस्या आ रही है तो वह यथाशीघ्र उसका निस्तारण कर ई-ऑफिस के माध्यम से कार्य करना शुरू कर दें। जिलाधिकारी ने ई-ऑफिस के माध्यम से फाइल मूव करने और ऐसे कार्यालय, जो ई-ऑफिस गो-लाइव की प्रक्रिया में हैं, उनकी विस्तार से समीक्षा की। तीन दिन में सभी विभागों में ई ऑफिस प्रणाली गो लाइव करने के भी निर्देश दिए।

इस दौरान एडीएम फाइनेंस संतोष कुमार सिंह, एडीएम ई पूर्णिमा सिंह, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, अपर नगर आयुक्त शशि भूषण सिंह, सभी उप जिलाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के अफसर मौजूद रहे।

# संभल एसपी की दुल्हनियां बनेंगी आईपीएस अंशिका वर्मा

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- प्रदेश के दो आईपीएस अफसर 28 मार्च को वैवाहिक बंधन में बंधेंगे

**अमृत विचार :** बरेली में एसपी साउथ के पद पर तैनात आईपीएस अंशिका वर्मा और संभल के एसपी केके बिश्नोई की शादी तय हो गई है। शादी का कार्ड भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि राजस्थान के बाड़मेर में होने वाले तीन दिवसीय वैवाहिक कार्यक्रम की बुकिंग हो गई है। आईपीएस अंशिका वर्मा की शादी की खबर शनिवार को दिनभर सोशल मीडिया पर छाई रही।

बताया जा रहा है कि बरेली की एसपी साउथ आईपीएस अंशिका वर्मा का रिश्ता पिछले दिनों संभल के एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई के साथ तय हुआ था। दोनों परिवार की आपस में मुलाकात के बाद शादी को लेकर चर्चा हुई थी। कृष्ण कुमार बिश्नोई 2018 बैच के आईपीएस हैं और राजस्थान के बाड़मेर के मूल निवासी है। अंशिका वर्मा प्रयागराज की मूल निवासी हैं और 2021 बैच की आईपीएस हैं। बताया जा रहा है कि दोनों की मुलाकात गोरखपुर में तैनाती के दौरान हुई थी। तीन दिवसीय वैवाहिक कार्यक्रम की शुरुआत 28 मार्च से होनी है। बाड़मेर के कृष्ण निवास में कृष्ण कुमार बिश्नोई 28 मार्च को बरात लेकर पहुंचेंगे। 29 मार्च की सुबह विदाई का कार्यक्रम है और 30 मार्च को जोधपुर के रिसॉर्ट में विवाह का रिसेप्शन रखा गया है। एसएसपी अनुराग आर्य समेत कई वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कुछ राजनेता भी आईपीएस वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिए पहुंच सकते हैं।

**सख्ती होगी** | बिजली बिल राहत योजना, मुख्य अभियंता ने बकायेदारों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

# दो लाख उपभोक्ताओं ने पात्र होने पर भी नहीं कराया पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, बरेली



अफसरों के साथ बैठक करते मुख्य अभियंता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बकाया बिजली बिल पर लगे ब्याज को माफ करने के लिए विभाग ने दिसंबर से फरवरी तक बिजली बिल राहत योजना चलाई, लेकिन दो लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने पात्र होने के बाद भी योजना में पंजीकरण नहीं कराया। अब मुख्य अभियंता ने बैठक कर ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने शुक्रवार देर शाम कार्यालय परिसर में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी अधिशासी अभियंताओं को टर्न अप बढ़ने और लक्ष्य के अनुरूप राजस्व प्राप्त करने के निर्देश दिए। कहा कि मार्च माह 2026 में दिए गए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रणनीति बनाकर युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर सत प्रतिशत राजस्व वसूली की जाए। वहीं, उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग की ओर से 17 मार्च को प्रस्तावित जनसुनवाई को लेकर तैयारी की समीक्षा की गई। अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई। पुलिस प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर वरिष्ठ अधिकारियों को नामित किया गया। जीआईसी ऑडिटोरियम में बैठक की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।जनसुनवाई के दौरान ऑडिटोरियम में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के लिए तकनीकी टीम को तैनात किया है।

**बिना सुरक्षा उपकरण के नहीं कराया जाए कोई भी काम**

मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने कहा कि बिना सुरक्षा उपकरण के किसी भी प्रकार का कोई अनुरक्षण काम न कराया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। कहा कि सभी अधिशासी अभियंता झटपट पोर्टल 1912 पर आने वाली शिकायतों का समय पर निस्तारण करें। उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग लेस विद्युत आपूर्ति देने के लिए विद्युत अनुरक्षण काम और बिजनेस प्लान के काम मार्च में पूरा करने को कहा।

### टी-20 विश्व कप का फाइनल आज, विभागीय अफसरों का दावा- मिलेगी भरपूर बिजली

**बरेली, अमृत विचार :** भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार रात 7:00 बजे से टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। जिसको लेकर लखनऊ मुख्यालय की तरफ से सभी जिलों में निर्बाध बिजली आपूर्ति देने के लिए निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने भी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि मैच के समय किसी भी तरह का कोई शटडाउन न लें, ताकि मैच में किसी तरह का खलल न पड़े। बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि मुख्यालय से निर्देश मिले हैं कि मैच के दौरान किसी भी तरह की रोस्टिंग या शटडाउन न लिया जाए। इस फैसले को लेकर बिजली विभाग का मानना है कि कटौती होने पर कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, जिसको लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों को मैच शुरू होने से पहले ही सभी काम पूरे कर लेने को कहा है, जिससे आपूर्ति बाधित न हो सके।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic
डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic

★पतले-दुबले
★गाल पिचके
★कमजोर स्त्री-पुरुष
★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
● स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
● हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
● इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
● वीर्य में शुक्राणु का कम होना
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
● यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना

वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
8 मार्च 2026, रविवार
22 मार्च 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# दो किशोरियों को ले जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, सीबीगंज

● थाना पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी

**अमृत विचार** : दो अलग-अलग गांवों से दो नाबालिग किशोरियों को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस दो लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

परसाखेड़ा चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी 16 वर्षीय एक किशोरी को गांव का विकास पुत्र राजू रस्तोगी गत पांच मार्च दोपहर ग्यारह बजे अपने साथ बहला-फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। दूसरी घटना में परसाखेड़ा चौकी क्षेत्र के एक अन्य गांव की रहने वाली एक 14 वर्षीय किशोरी को गांव का शिवम शर्मा पुत्र कुंवर पाल गत शुक्रवार को दोपहर करीब दो बजे बहला-फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# ईरान-अमेरिका युद्ध का आम आदमी की रसोई पर असर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● घरेलू गैस सिलेंडर 60 रुपये और कॉमर्शियल सिलेंडर पर बढ़ गए 150 रुपये

● जिले के 10 लाख उपभोक्ताओं पर असर, 21 से 25 दिन बाद कर सकेंगे बुक



**अमृत विचार** : ईरान के साथ अमेरिका और इजराइल के युद्ध के चलते बदले अंतर्राष्ट्रीय हालात और तेल बाजार में बढ़ती कीमतों के असर से घरेलू और कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ गए हैं। इसका असर जिले के करीब 10 लाख उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। गैस कंपनियों ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में करीब 60 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है, जबकि कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम में 150 रुपये तक की वृद्धि की गई है।

जेल रोड सिविल लाइंस बदायूं की रहने वाली क्षमा ने बताया कि उनके घर पर आए दिन मिलने वाले लोग आते रहते है। एक सिलेंडर लगभग 15 दिन ही चल पाता है। ऐसे में अब 21 दिन बाद सिलेंडर मिलेगा तो हम जैसे कई लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। इसके साथ ही एक साथ 60 रुपये भी बढ़ाने से हम जैसे हजारों परिवारों पर खर्च का बोझ भी बढ़ेगा। वहीं हरुनगला की रहने वाली रेखा ने बताया कि उनके यहां भी गैस का उपयोग ज्यादा है। उनके यहां भी सिलेडर 15-16 दिन ही चलता है। ऐसे में सिलेंडर बुक करने पर उन्हें भी दिक्कत आएगी साथ ही महंगाई की मार भी झेलनी पड़ेगी।

> करीब दस लाख एलपीजी उपभोक्ता जिले में हैं। जिले में सिलेंडर और पेट्रोल की कोई दिक्कत नहीं है। गैस सिलेंडर खत्म होने पर आपूर्ति की जाएगी। – **मनीष कुमार सिंह**, डीएसओ

## 931 रुपये का मिलेगा घरेलू गैस सिलेंडर

डीएसओ मनीष कुमार ने बताया कि बरेली में अब घरेलू सिलेंडर 60 रुपये बढ़ी दर के बाद 931 रुपए का मिलेगा। वहीं कॉमर्शियल सिलिंडर अलग अलग कंपनियों के आते है। उसमें कंपनी अपने हिसाब से रुपये बढ़ाती है। उसके बारे में कंपनी ही तय करेगी कि वह उसे कितने रुपये बढ़ाएगी।

# आंध्र प्रदेश-महाराष्ट्र से आ रहे खरबूज-तरबूज

## रमजान के साथ गर्मी का मौसम शुरू होना भी तरबूज-खरबूज की मांग बढ़ने का कारण, अब रोजाना पहुंच रहीं 10 गाड़ियां

दिग्विजय मिश्रा, बरेली




शहर की मंडी में महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश से हो रही है खरबूज और तरबूज की सप्लाई। ● अमृत विचार

● बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर और रामपुर तक हो रही फलों की सप्लाई

● स्थानीय फसल की आवक अप्रैल मध्य में शुरू होने से दामों में आएगी कमी

**अमृत विचार** : रमजान माह के साथ ही गर्मी का मौसम शुरू होते ही मंडी में तरबूज और खरबूज की आवक अब और तेज होने लगी है। इन दिनों मंडी में आंध्रप्रदेश और महाराष्ट्र से खरबूज और तरबूज की खेप पहुंच रही है। पहले जहां तीन गाड़ियां पहुंचती थी वहीं अब रोजाना 10 गाड़ियां पहुंच रही हैं। व्यापारियों का मानना है कि दक्षिण भारत से आने वाले तरबूज और खरबूज का आकार स्थानीय फलों के अपेक्षाकृत छोटा होता है, लेकिन स्वाद मीठा और गुणवत्ता बेहतर होने के कारण बाजार में इनकी मांग बनी रहती है।

मंडी कारोबारियों के मुताबिक फिलहाल बरेली मंडी में रोजाना करीब 8 से 10 ट्रक तरबूज और खरबूज की आवक हो रही है। इनकी कुल खपत लगभग 180 से 200 टन प्रतिदिन आंकी जा रही है। रमजान शुरू होने और तापमान बढ़ने के कारण इन फलों की मांग अचानक बढ़ गई है। खासकर रोजा इफ्तारी के लिए भी तरबूज और खरबूज की बिक्री ज्यादा हो रही है। फिलहाल तरबूज और खरबूज आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और मध्यप्रदेश के कुछ हिस्सों से मंगाए जा रहे हैं। मंडी में करीब 70 से 75 व्यापारी इन फलों का कारोबार करते हैं। यहां से आसपास के जिलों बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर और रामपुर तक फलों की सप्लाई जाती है।

स्थानीय उत्पादन की बात करें तो बरेली और आसपास के इलाकों में भी तरबूज और खरबूज की खेती बड़े पैमाने पर होती है। जिले में अनुमानित 700 से 800 हेक्टेयर क्षेत्र में इनकी खेती की जाती है। स्थानीय फसल आमतौर पर अप्रैल के दूसरे पखवाड़े से मंडी में पहुंचनी शुरू हो जाती है। इसके बाद बाहरी राज्यों से आने वाले फलों की मात्रा कम हो जाती है और दामों में भी गिरावट आने लगती है। वहीं फल व्यापारी सलीम अहमद का कहना है कि इस समय फलों के दामों में काफी उछाल आया है। दरअसल इस समय महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश से खरबूज और तरबूज आ रहे हैं। अगले कुछ हफ्तों में जैसे-जैसे आवक बढ़ेगी और स्थानीय फसल मंडी में पहुंचेगी, वैसे-वैसे कीमतों में भी संतुलन आने लगेगा। फिलहाल मंडी में गर्मी के फलों की आवक और मांग दोनों तेजी से बढ़ रही हैं।

> बाहरी राज्यों से आने वाले तरबूज और खरबूज की आवक सीमित है, इसलिए इनके दाम सामान्य से अधिक बने हुए हैं। आने वाले दो से तीन सप्ताह में सप्लाई बढ़ने पर कीमतों में कमी आने की संभावना है। रमजान शुरू होने के बाद तरबूज, खरबूज, केला और पपीते की मांग काफी बढ़ गई है। तरबूज और खरबूज इस समय बाहर से आ रहे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही इन फलों की खपत और बढ़ने की उम्मीद है। – **सुभाष खान**, कोषाध्यक्ष बरेली फ्रूट एसोसिएशन

| फल | दाम |
| --- | --- |
| तरबूज | 20-30 रुपये प्रति किलो |
| खरबूज | 25-35 रुपये प्रति किलो |
| पपीता | 30-40 रुपये प्रति किलो |
| खजूर | 300 रुपये प्रति किलो |
| अंगूर | 120 रुपये प्रति किलो |
| केला | 50-60 रुपये दर्जन |

# जोगेंद्र के हत्यारों तक 15 दिन के बाद भी नहीं पहुंच पाई पुलिस

**बरेली, अमृत विचार** : सिपाही के बहनोई की हत्या का 15 दिन के बाद भी खुलासा नहीं हो सका है। खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमें लगातार दबिश दे रही हैं, मगर अभी तक सफलता नहीं मिली।

सुभाष नगर के प्रगति नगर मोहल्ले में 21 फरवरी की रात बदमाशों ने लूट के विरोध पर जोगेन्द्र (40) की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वह मूल रूप से आंवला के ग्राम तिगरा खानपुर के रहने वाले थे। उनके साले पुलिस में सिपाही हैं। पुलिस ने इस मामले में पत्नी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोपियों की तलाश में सर्विसलांस, एसओजी, थाना पुलिस की टीमें लगी हैं। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संदिग्धों से पूछताछ के बाद भी पुलिस घटना के 15 दिन बाद बदमाशों तक नहीं पहुंच पाई है। सुभाषनगर थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि खुलासे के लिए टीमें लगी हुई हैं।

# दिल्ली कूच से पहले करणी सेना के जिलाध्यक्ष `अरेस्ट`



हाउस अरेस्ट के दौरान पुलिस और करणी सेना के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● यूजीसी बिल के विरोध में दिल्ली कूच की तैयारी से पहले पुलिस ने रोका

● प्रशासन के निर्देश पर करणी सेना के जिला कार्यालय पर पुलिस तैनात

**कैंट/बरेली, अमृत विचार** : दिल्ली के रामलीला मैदान में रविवार को यूजीसी बिल को लेकर विरोध जताने के आह्वान पर दिल्ली कूच की तैयारी में लगी करणी सेना के जिलाध्यक्ष को बरेली प्रशासन के निर्देशों पर कैंट पुलिस ने शनिवार शाम को ही चौबारी स्थित जिला कार्यालय रघुकुल धाम पर `अरेस्ट` कर लिया गया। करणी सेना के जिला कार्यालय पर पुलिस फोर्स तैनात की गई है।

शनिवार को जिला प्रशासन को सूचना मिली, कि करणी सेना के पदाधिकारी यूजीसी बिल का विरोध जताने के लिए दिल्ली स्थित रामलीला मैदान पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं। तत्काल इंस्पेक्टर कैंट राजेश कुमार पुलिस फोर्स के साथ करणी सेना के जिला कार्यालय पर पहुंच गए और करणी सेना के जिलाध्यक्ष ठाकुर कौशल सिंह को अन्य पदाधिकारीयों के साथ हाउस अरेस्ट कर लिया गया। इस दौरान सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण चौहान, कोषाध्यक्ष अंकित चौहान, सोनू सिंह, धर्मवीर सिंह, रवि चौहान, विजय सिंह, नंदू सिंह, कृष्णा सिंह मौजूद थे।

# दो पक्षों में मारपीट, 8 लोग घायल

कार्यालय संवाददाता, सीबीगंज

● सीबीगंज थाना क्षेत्र के पस्तोर गांव में पुरानी रंजिश में घटना

● पुलिस ने दोनों पक्षों के 11 लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार** : पुरानी रंजिश को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में हुई मारपीट में आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के 11 लोगों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज किया है।

मारपीट की यह घटना सीबीगंज के गांव पस्तोर में हुई। गांव निवासी मुनीश पाल के मुताबिक 5 मार्च को तड़के करीब चार बजे उसकी पत्नी विमलेश उठ गई थी। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते सुरेश पाल व उसकी साली सुनीता, सास नत्थो, मौसिया सास, जेठानी लक्ष्मी, नीतू, गिरीश पाल, साढ़ू प्रेमपाल लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर पत्नी की लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी, बचाने पहुंचे तो उनकी भी पिटाई कर दी। इससे दोनों लोग घायल हो गए।

उधर दूसरे पक्ष की लक्ष्मी पत्नी सुरेश पाल के मुताबिक उनके बेटे की मौत हो गई है, जिसकी गमी की होली थी। वह जल्दी उठकर तैयारी कर रही थीं। सुबह करीब 5 बजे देवर मुनीश पाल, विमलेश, मिथलेश, गहरानी लाठी-डंडे लेकर उनके घर में घुस आये और उनकी व उसकी बहन सीमा, सुनीता, नीतू, मां मुन्नी देवी, मौसी शकुंतला व उनके पति की जमकर पिटाई की, जिससे वह घायल हो गए। मारपीट की इस घटना में सीमा का मंगलसूत्र, सुनीता के सोने के कुंडल कहीं गिर गए, जो नहीं मिले। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## शराब के लिए रुपये न देने पर युवक को पीटा आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बरेली, अमृत विचार** : शराब के लिए रुपये न देने पर दबंगों ने युवक को पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। किला थाना क्षेत्र के गढ़ी चौकी के पास रहने वाले कमल नाथ ने बताया कि 6 मार्च को उसके घर पर बानखाना निवासी आकाश और अविनाश कुमार आए थे। आरोप है कि दोनों शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगे। रुपये देने से मना करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करके गाली गलौज की।

## थूकने के विवाद में घर में घुसकर किया हमला

**बरेली, अमृत विचार** : थूकने के विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट की। जिसमें दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने पीड़िता महिला की तहरीर पर पांच आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सीबीगंज थाना क्षेत्र के बंडिया गांव निवासी मनेखा ने बताया कि उसका बेटा राज शुक्रवार रात दोस्त शिवम के साथ घर के दरवाजे पर बैठा था। आरोप है कि तभी साहिल और अयान ने राज के ऊपर थूक दिया। विरोध करने पर साहिल ने पिता पप्पू व उरमत शाह को बुला लिया। आरोपी लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर साहिल ने धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे राज और शिवम घायल हो गए। आरोपियों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने साहिल, अयान, पप्पू, उरमत शाह और भूरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# दहेज की खातिर पत्नी की हत्या में पति को उम्रकैद

विधि संवाददाता, बरेली

● कोर्ट ने पांच वर्ष पुराने मामले में आरोपी सास - ससुर को किया बरी

**अमृत विचार** : शादी में मांग के मुताबिक दहेज न मिलने पर पांच वर्ष पूर्व 9 माह की गर्भवती पत्नी की हत्या करने के आरोपी सुभाषनगर थाना क्षेत्र के मुनीमजी वाली गली मढ़ीनाथ निवासी पति गोविन्द सिंह को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट-1 कुमारी अफशां ने आजीवन कारावास व 35 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनायी। वहीं आरोपी ससुर जसवीर सिंह व सास द्रोपदी देवी को दोषमुक्त कर दिया।

डीजीसी क्राइम रीतराम राजपूत व एडीजीसी सुनील पाण्डेय ने बताया कि वादी वीरपाल सिंह यादव ने थाना सुभाषनगर में 14 अगस्त 2020 को तहरीर देकर बताया कि बेटी की शादी तकरीबन 15 माह पूर्व बड़ी धूमधाम से क्षमता के अनुसार दहेज में नगद, धन जेवर व गाड़ी के लिए कैश देकर की थी। आज 12.40 बजे फोन द्वारा रिंकू ने सूचना दी कि आप जल्दी आ जाइये, क्योंकि आपकी बेटी ने किसी कारण से फांसी लगा ली है। ससुराल जाकर देखा कि उसकी बेटी साड़ी के द्वारा पंखे में लटकी थी जिसके पैर जमीन को छू रहे थे जिससे ऐसा लगता है कि उसकी बेटी को मारकर पंखे से लटकाया गया है। उसकी बेटी 9 माह की गर्भवती थी। बेटी को ससुराल वाले दहेज व अन्य कारणों से प्रताड़ित करते रहते थे फिर भी बेटी ने लोक-लाज के कारण कभी भी उन लोगो को ज्यादा नहीं बताया शादी के दो माह बाद बताया था तो दामाद को समझाया था लेकिन उसके बाद भी दामाद के व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया और पुत्री को प्रताड़ित करता रहा। 10 अगस्त को बेटी अपने भाई नितिन के जन्मदिन पर घर आयी थी तभी बताया कि पति उसको मारता पीटता है तथा दहेज लाने के लिए कहता है और उस पर शक करता रहता है। पुलिस ने दहेज उत्पीड़न, हत्या, दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना उपरांत पति, सास-ससुर के विरुद्ध चार्जशीट कोर्ट भेजी थी। पोस्टमार्टम में मृतका के गर्भाशय में 2900 ग्राम का शिशु मौजूद था। अभियोजन ने 10 गवाह, पोस्टमार्टम रिपोर्ट समेत 13 सबूत पेश किये।

# आंगनबाड़ी की संयुक्त मोर्चा की जिलाध्यक्ष घर पर नजरबंद

**बरेली/मीरगंज, अमृत विचार** : आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश के पूर्व घोषित आह्वान पर प्रदेश व्यापी कार्यक्रम महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला दिवस मनाने के लिए और मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने के लिए लखनऊ जाने का प्रोग्राम रखा गया, लेकिन शनिवार को प्रशासन ने आंगनबाड़ी नेताओं को उनके घर में नजरबंद कर दिया।

पुलिस ने गांव सिंधौली निवासी आंगनबाड़ी संगठन की जिला अध्यक्ष ओमवती गंगवार के घर पर शनिवार को दोपहर 3:00 बजे से डेरा डाल दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस बेवजह परेशान कर रही है। कहा कि यह कैसा महिला सशक्तिकरण है कि महिला दिवस पर महिलाएं ही अपनी बात नहीं रख सकतीं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह अपनी बात अपने ही दिवस पर नहीं रख सकतीं। उन्होंने कहा कि वह उनके अधिकारों का हनन न करें और कार्यक्रम में शामिल होने दें।

# पुष्पेंद्र हत्याकांड के गवाहों को मिल रही धमकी

कार्यालय संवाददाता,बरेली/भुता

● शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा, आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

● थाना प्रभारी बोले- कार्रवाई कर फरार अन्य आरोपी की तलाश की जा रही

**अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव खरदा इलाका गजनेरा में पिछले वर्ष हुए पुष्पेंद्र मर्डर कांड में हाल ही में जेल से छूटा आरोपी न्यायालय में चल रहे केस में गवाहों को गवाही देने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने आरोपीयों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

पीड़ित गेंदनलाल ने बताया होली वाले दिन वह अपने पूरे परिवार के साथ घर में होली का त्योहार मना रहा था। इतने में गांव के दबंग अवधेश, नीरज और पवन घर में घुस आए और उससे और बेटे गिरीश के साथ गाली गलौज व मारपीट करने लगे। घर में मौजूद परिवार की महिलाओं के साथ भी गाली गलौज करने लगे। कहने लगे न्यायालय में चल रहे पुष्पेंद्र हत्याकांड में गवाही दी तो तुम सबको भी जान से मार देंगे। पीड़ित ने इसकी शिकायत 112 डायल कर पुलिस को दी। पीड़ित के भाई पुष्पेंद्र की पिछले वर्ष कस्बे में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड में अवधेश आरोपी है। वह इस समय जमानत पर जेल से बाहर आया हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार का कहना है पीड़ित के तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। एक आरोपी को पकड़कर शांति भंग की कार्रवाई की गई है। पुलिस अन्य आरोपी की तलाश व मामले की जांच कर रही है।

# कार की टक्कर से ननिहाल आई मासूम गंभीर घायल

**बरेली/कैंट, अमृत विचार** : ननिहाल गई 7 वर्षीय मासूम बच्ची की कार की टक्कर से रीढ़ की हड्डी टूट गई। बच्ची का लखनऊ स्थित अस्पताल में इलाज चल रहा है। जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। बच्ची के पिता की तहरीर पर कैंट पुलिस ने 12 दिन बाद कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना क्षेत्र के गांव नवीनगर निवासी महबूब खां ने बताया, कि उनकी 7 वर्षीय पुत्री निखत कैंट के ठिरिया निजावत खां स्थित अपनी ननिहाल में गई हुई थी। वह 23 फरवरी को दोपहर करीब 1 बजे ठिरिया निजावत खां ईदगाह के पास दुकान पर कुछ सामान लेने गई थी। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी और चालक कार लेकर फरार हो गया। हादसे में बच्ची गंभीर घायल हो गई। उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां से उसे लखनऊ स्थित अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

# मुश्किल : मुंबई-बरेली आने-जाने वाले यात्रियों को जेब करनी पड़ेगी ढीली

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● नवी मुंबई एयरपोर्ट से मुंबई तक जाने के लिए यात्रियों को कैब बुक करनी पड़ेगी

● इस दूरी के लिए कैब बुक करने पर डेढ़ हजार तक अतिरिक्त खर्च करना पड़ेगा

**अमृत विचार** : 30 मार्च से बरेली से नवी मुंबई के लिए फ्लाइट शुरू हो जाएगी। नवी मुंबई जाने वाले यात्रियों के लिए राहत मिलेगी लेकिन मुंबई आने-जाने वाले यात्रियों के लिए जेब ढीली करनी पड़ेगी। बरेली-मुंबई आने-जाने वाले यात्रियों को जब नवी मुंबई होकर मुंबई जाना पड़ेगा तो उन्हें करीब 38 किलोमीटर तक टैक्सी का सफर तय करना पड़ेगा। नवी मुंबई से मुंबई तक टैक्सी बुक करने पर यात्रियों को करीब एक से डेढ़ हजार रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं। हालांकि, अभी बरेली से मुंबई तक पहुंचने फिर नवी मुंबई तक आने वाले यात्रियों को अतिरिक्त खर्चा उठाना पड़ रहा है। 30 को नवी मुंबई शुरू होते ही मुंबई वाली फ्लाइट बंद हो जाएगी।

दरअसल, इंडिगो को नवी मुंबई फ्लाइट शुरू करने के लिए हाल ही में स्लॉट मिला है। इस उड़ान के लिए तैयारियां की जा रही हैं।

बरेली से नवी मुंबई के लिए टिकट बुक कराने के लिए इंडिगो की वेबसाइट पर किराया भी अपलोड कर दिया गया है। इंडिगो की वेबसाइट के अनुसार 30 मार्च के लिए बरेली से नवी मुंबई के लिए 8405 रुपये प्रति यात्री किराया तय किया गया है। 2.20 बजे बरेली से उड़ान भरकर फ्लाइट नवी मुंबई एयरपोर्ट सायं 4.35 बजे पहुंचेगी। इधर बरेली एयरपोर्ट पर तैनात इंडिगो के एक अधिकारी के अनुसार नवी मुंबई उड़ान शुरू होने के बाद यात्रियों को फायदा मिलेगा। एयर ट्रैफिक सर्वे में नवी मुंबई फ्लाइट शुरू करने के लिए पूरा बहुमत मिला, इसके बाद इंडिगो ने उड़ान शुरू करने के लिए हामी भरी। हालांकि, अभी मुंबई के लिए प्रतिदिन 350 से ज्यादा यात्री बरेली से हवाई सफर करते हैं लेकिन नवी मुंबई शुरू होते ही मुंबई का ट्रैफिक भी इसी फ्लाइट में सफर करेगा।

## नवी मुंबई फ्लाइट संचालन की तैयारी, इंडिगो भी बरेली-दिल्ली के लिए नए सिरे से सर्वे करा रही

बरेली एयरपोर्ट के निदेशक अवधेश अग्रवाल ने बताया कि नवी मुंबई का किराया इंडिगो ने निर्धारित किया है, टिकट बुक करने के लिए वेबसाइट पर किराया अपलोड है। 30 मार्च से नवी मुंबई फ्लाइट शुरू कराने की तैयारियां की जा रही हैं। अभी बरेली-दिल्ली फ्लाइट संचालन के लिए स्लाट नहीं मिला है, इंडिगो भी बरेली-दिल्ली के लिए नए सिरे से सर्वे करा रही है।

## सिटी ब्रीफ

### लखनऊ में रोजा इफ्तार में शामिल हुए कांग्रेसी

**बरेली, अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से लखनऊ में शनिवार को रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें बरेली से तमाम कांग्रेसी पहुंचे। प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने बताया कि महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश दददा, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, डॉ. मेहंदी हसन, हेमेंद्र शर्मा सहित कई कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आपसी भाईचारे, सौहार्द और एकता का संदेश दिया।

### जरूरतमंदों के घर पर पहुंचाई राशन किट

**बरेली, अमृत विचार :** पैगाम इमाम हुसैन सामाजिक संस्था ने 15वें रमजान यानि यौमे विलादत हज़रत इमाम हसन के मौके पर संस्था के सदस्य शहजाद मुंबई वाले, बकार अहमद, फईम खान, अख़्तर आफाक खान, आसिफ शेख, हकीम आहिद हुसैन ने 100 जरूरतमंद परिवारों के लिए रमज़ान राशन पैकेज तैयार किए। राशन पैकेज के लिए किसी को भी लेने के लिए नहीं बुलाया गया, बल्कि पैगाम इमाम हुसैन सामाजिक संस्था उप्र के कार्यकर्ताओं ने रमजान से पहले परिवारों के नाम व मोबाइल नंबर सहित लिस्ट तैयार की। राशन पैकेज तैयार कर के संस्था टीम ने देर रात्रि 5 बजे रोज हर रोज 20 जरूरतमंद परिवारों को उनके घर जाकर राशन पैकेज पहुंचाए।

### जिला पंचायत चुनाव को लेकर तैयार की रणनीति

**बरेली, अमृत विचार :** अपना दल (सोनेलाल) की मासिक समीक्षा बैठक शनिवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में हुई, जिसमें आगामी जिला पंचायत चुनाव को लेकर रणनीति तैयार की गई। पदाधिकारियों ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और जनसंपर्क अभियान तेज करने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष एड. अनुज गंगवार ने कहा कि पार्टी का उद्देश्य सामाजिक न्याय और वंचित वर्गों को राजनीतिक भागीदारी दिलाना है, जिसके लिए संगठन लगातार गांव-गांव तक अपनी पहुंच बढ़ा रहा है। एड. गोपेंद्र पटेल, सतीश गंगवार, सतीश ऋषिवाल, अजय गंगवार आदि मौजूद रहे।

### कोच विंडो दराज में फंसा मोबाइल, टीम ने निकाला

**बरेली, अमृत विचार :** शनिवार को 55307 कासगंज लाल कुआं गाड़ी में यात्री का मोबाइल कोच के चार्जिंग प्वाइंट से निकलकर टूटी दराज में जा गिरा। काफी प्रयास के बाद भी मोबाइल नहीं निकला। ट्रेन में सवार दूसरे यात्री ने रेलवे अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद टेक्निकल टीम ने मोबाइल निकाला। बताते हैं कि यात्री देवेश यादव का मोबाइल दराज में फंस गया था। बरेली सिटी स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने के बाद टीम ने मोबाइल निकालकर यात्री को सौंप दिया।

# सेल्फ स्टडी से दूसरे प्रयास में आकाश ने हासिल की 684वीं रैंक

- सिविल सेवा परीक्षा में सफलता के लिए मल्टीनेशलन कंपनी की छोड़ी नौकरी
- वर्ष 2024 में पहले प्रयास में इंटरव्यू में असफल रहने पर भी नहीं मानी हार
- सेंट फ्रांसिस स्कूल से इंटरमीडिएट और आईआईटी कानपुर से किया बीटेक

कार्यालय संवाददाता, बरेली



माता-पिता के साथ आकाश गंगवार। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में सुरेश शर्मा नगर के आकाश गंगवार ने 684वीं रैंक हासिल कर सफलता की मिसाल कायम की है। आकाश का यह दूसरा अटेम्प्ट है। पहले प्रयास में वह इंटरव्यू तक पहुंचे थे। आकाश ने सेल्फ स्टडी पर फोकस किया और ऑन लाइन स्टडी मैटेरियल के जरिये सफलता की कहानी लिख दी। उन्होंने सफलता का श्रेय माता-पिता, परिजनों और दोस्तों को दिया। परिणाम घोषित होने के बाद से घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

आकाश के पिता कुंवरसेन गंगवार मत्स्य विभाग के सेवानिवृत्त अफसर हैं और मां हेमेंद्र कुमारी गृहणी हैं। आकाश बताते हैं कि इंटर तक की पढ़ाई शहर के सेंट फ्रांसिस स्कूल से हुई। इंटरमीडिएट में 96 प्रतिशत अंक के साथ जिले में तीसरा स्थान मिला था। आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी कर गुड़गांव स्थित मल्टीनेशनल कंपनी में अच्छे पैकेज पर नौकरी की। सपना सिविल सेवा में जाने का था। आकाश ने बताया कि यह सफर उनके लिए आसान नहीं था, इसलिए नौकरी छोड़कर तैयारी के लिए पहले एक साल दिल्ली में रहकर कड़ा संघर्ष किया। 2024 में सिविल सेवा परीक्षा के लिए पहला प्रयास किया, इसमें सफलता नहीं मिलने पर आकाश ने कमजोरियों को पहचाना और तैयारी में सुधार किया। इसके बाद घर लौटकर किताबों के साथ-साथ ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाई की और पूरी तरह से सेल्फ स्टडी पर ध्यान केंद्रित किया। आकाश ने कहा इस सफलता के पीछे परिवार और आईआईटी करने वाले दोस्तों का योगदान भी अहम है।

**वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए दिया खास संदेश :** यूपीएससी की तैयारी कर रहे युवाओं और वर्किंग प्रोफेशनल्स को संदेश देते हुए आकाश ने कहा कि नौकरी के साथ भी पढ़ाई की जा सकती है। इसके लिए बस आपको समय निकालना और टाइम मैनेजमेंट करना आना चाहिए। इसके लिए जरूरी यह है कि मेहनत करने के साथ गलतियों पर ध्यान दिया जाए। खुद का मूल्यांकन करने की सलाह दी।

### पूरी तरह पढ़ाई को समर्पित थी दिनचर्या

आकाश की दिनचर्या पूरी तरह से पढ़ाई को समर्पित थी। उन्होंने अपनी रणनीति के कुछ अहम राज साझा किए हैं। वह रोजाना औसतन 10 से 12 घंटे पढ़ते थे, जो परीक्षा के करीब आने पर 14 घंटे तक भी पहुंच जाता था। उन्होंने रात 10 बजे के बाद कभी पढ़ाई नहीं की। अपनी तैयारी के लिए आकाश ने खुद के नोट्स तैयार किए और बार-बार रिवीजन किया। उनका मानना है कि दस अलग-अलग किताबें पढ़ने के बजाय, एक ही प्रामाणिक किताब को मन से और बार-बार पढ़ना ज्यादा फायदेमंद होता है। रोजाना ज्यादा से ज्यादा क्वेश्चन पेपर हल करना और मॉक टेस्ट देना उनके रुटीन का अहम हिस्सा था।

### रिछा पहुंचने पर मिन्हाज का भव्य स्वागत, फैली खुशी की लहर



**बहेड़ी, अमृत विचार :** सिविल सेवा परीक्षा में 513वीं रैंक लाने वाले मिन्हाज शनिवार को रिछा पहुंचे। रिछा पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत हुआ। मिन्हाज की कामयाबी पर कस्बे में जश्न का माहौल नजर आया। कस्बे के तमाम लोग उसकी कामयाबी पर बेहद खुश दिखे मुबारकबाद दी। रिछा कस्बे के रहने वाले और बहेड़ी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष शकील अहमद गुरु एडवोकेट के बेटे मिन्हाज ने सिविल सेवा परीक्षा में 513वीं रैंक हासिल की है। उनकी कामयाबी की खबर मिलते ही शुक्रवार से ही उसके परिवार और रिछा कस्बे में खुशी का माहौल है। हर कोई उन्हें मुबारकबाद देने में लगा है। फेसबुक के जरिये लोग उसकी इस उपलब्धि को साझा कर रहे हैं। मिन्हाज शनिवार को दिल्ली से रिछा अपने घर पहुंचे। उनके आने की खबर पर रिछा के तमाम लोग उनकी अगवानी को रिछा रोड स्टेशन पहुंच गए और उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। बैंड बाजों के साथ उनको रिछा कस्बे लाया गया। रिछा राइस मिल एसोसिएशन के राशिद नियाजी, साद नियाजी, टाउन एरिया चेयरमैन प्रतिनिधि सैफ तनवीर और मदरसा दारुल उलूम शाहे उमम के नाजिमे आला मुईनुद्दीन ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

### घर में सबसे पहले मां से मिले मिन्हाज

मिन्हाज को रिसीव करने उसके पिता शकील गुरु एडवोकेट बरेली पहुंचे थे। बरेली से वह वालिद के साथ आये और घर में घुसते ही सबसे पहले मां से मिले। मां ने गले लगाकर उन्हें दुआएं दीं। इस मौके पर दोनों की आंखें नम थीं। इसके बाद मिन्हाज ने बहन-भाइयों से मुलाकात की। मिशन एकेडमी के मैनेजर शेखर गंगवार ने मिन्हाज को उसकी इस उपलब्धि के लिए मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि मिन्हाज ने कॉलेज के साथ अपने तमाम गुरुजनों का नाम रोशन किया है, और हम सबको उस पर गर्व है।

### स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए होगा पिंकाथॉन

- आईएमए की ओर से होगा आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** आईएमए बरेली की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए रविवार को "पिंकाथॉन का आयोजन करेगा। सुबह सात बजे आईएमए भवन सिविल लाइन्स से कार्यक्रम शुरू होगा। पिंकाथॉन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विशेष रूप से स्तन कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की समय पर जांच, बचाव और उपचार के महत्व के बारे में समाज को जागरूक करना है। इसमें शहर की महिला चिकित्सक, छात्राएं, विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ी महिलाएं एवं आम नागरिक भाग लेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया जाएगा कि नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित जीवनशैली और समय पर जागरूकता द्वारा अनेक गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है।

# लेखपाल के गलत नापजोख करने से निजी भूमि पर खोद दिया नाला

## जिलाधिकारी ने तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस में सुनीं शिकायतें

- एक दर्जन से ज्यादा मामलों में जांच करने के निर्देश जारी किए
- नगर के सफाई कर्मी के न आने की भी शिकायत डीएम तक पहुंची

कार्यालय संवाददाता, बरेली



संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी अविनाश सिंह। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** डीएम अविनाश सिंह ने शनिवार को तहसील सदर के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनीं। इस दौरान लेखपाल के गलत नापजोख करने की वजह से निजी भूमि पर नाला खोदने, विद्युत कनेक्शन ट्रांसफर कराने के लिए कई चक्कर कटवाने, भूमाफिया के निजी भूमि पर कब्जा करने, गरीब की बेटियों के एडमीशन फार्म को निरस्त करने जैसे विभिन्न मामले पहुंचे। डीएम ने एक दर्जन से ज्यादा मामलों में जांच करने के निर्देश जारी किए हैं।

हरुनगला निवासी राजेंद्र कुमार ने डीएम से शिकायत की कि ग्राम रामनगर उर्फ मोहनपुर में उसका खेत नंबर 465 संक्रमणीय भूमिधर दर्ज है। आरोप लगाया कि लेखपाल ने गलत तरीके से नापजोख कर दी। इस पर बीडीए ने भूमि पर नाला खुदवा दिया। इस वजह से उसे नुकसान हुआ है। नाला खोदने से पहले किसी स्तर से नोटिस भी नहीं दिया। लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। डीएम ने बीडीए वीसी और एसडीएम सदर को जांच कराने के निर्देश दिए हैं। संजय नगर निवासी किरन बाला ने डीएम से शिकायत की कि ग्राम पुरनापुर में उसकी कृषि भूमि पर भूमाफिया ने कब्जा कर लिया है। सीमेंट के पोल लगाकर अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप लगाया। विरोध करने पर भूमाफिया गालीगलौज कर धमका रहा है। डीएम ने तहसीलदार सदर और इंस्पेक्टर इज्जत नगर को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

उड़ला जागीर के ग्राम श्याम नगर निवासी पुत्तू लाल ने डीएम से शिकायत की कि पिता की मृत्यु के बाद उनके नाम का विद्युत कनेक्शन अपने नाम ट्रांसफर कराने के लिए 18 दिसंबर 2025 को संबंधित विभाग द्वारा बताए गए सभी कागजात दे दिए। बिल का भुगतान भी कर दिया। कई बार पूछने पर कोई संतोषजनक दबाव नहीं मिल रहा है। कनेक्शन ट्रांसफर कराने की मांग की। डीएम ने चीफ इंजीनियर को तत्काल आख्या देने के निर्देश दिए। प्रेमनगर थाना क्षेत्र के रामलीला गौटिया निवासी निशा मौर्य ने डीएम से शिकायत करते हुए जमीन के विवाद का मामला बताया। हिस्सा अलग कराने की मांग की। ब्लॉक फतेहगंज पश्चिमी के ग्राम कन्नू नगला निवासी फूल चंद ने कहा कि वह मजदूरी करता है। उसके पास पौने दो बीघा भूमि है, जिसमें पापुलर लगी है। छह बच्चे हैं। दो पुत्रियों का कक्षा 6 और कक्षा 9 अटल आवास विद्यालय में फार्म भरा हुआ है।

### कार्यालयों में सुबह 9:45 से 12 बजे तक अनिवार्य रूप से बैठें अफसर

**बरेली :** डीएम ने अधिकारियों से कहा कि आमजन की शिकायतों का यथाशीघ्र और गुणवत्तापरक निस्तारण कराएं। जिला मुख्यालयों पर जनसुनवाई की लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है। शीघ्र ही समस्त तहसील मुख्यालयों व सम्पूर्ण समाधान दिवसों की भी लाइव मॉनिटरिंग की व्यवस्था लागू होगी, ऐसे में सभी अधिकारी समय से सम्पूर्ण समाधान दिवसों में उपस्थिति बनाए रखें, जिससे जनता की शिकायतों के निस्तारण में कोई समस्या न आए। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालयों में सुबह 9:45 से 12 बजे तक अनिवार्य रूप से बैठें और आमजन की शिकायतों का निस्तारण करें।

### शंकर के लिए संजीवनी बनी 108 एंबुलेंस सेवा

**बरेली, अमृत विचार :** इलाज के लिए अस्पताल भेजे गए मरीज की एम्बुलेंस में तबीयत बिगड़ गई और सांस लेने में दिक्कत होने लगी। इस दौरान 108 एंबुलेंस में तैनात ईएमटी ने डॉक्टरों से बात कर मरीज को छह लीटर प्रति मिनट के हिसाब से ऑक्सीजन दी। जिससे उसकी हालत में सुधार आया और फिर उसे जिला अस्पताल में लाकर भर्ती कराया।

शनिवार सुबह फतेहगंज पश्चिमी के ग्राम उनाशी के रहने वाले शंकर पाल (45) को सीएचसी फतेहगंज पश्चिमी से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। शंकर को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। मरीज के परिजनों ने 108 एंबुलेंस सेवा पर कॉल की। कुछ समय बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। ईएमटी नरेश कुमार व चालक जितेंद्र कुमार मरीज को एंबुलेंस से जिला अस्पताल ला रहे थे, रास्ते में मरीज की हालत गंभीर होने लगी, उसे सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। तभी एंबुलेंस के ईएमटी ने मरीज के सभी वाइटल चेक कर डॉक्टरों को बताए। डॉक्टरों ने उसे मरीज के लिए 6 लीटर प्रति मिनट के हिसाब से ऑक्सीजन लगाने की बात कही। फिर शंकर को ऑक्सीजन दी गई। कुछ देर बाद उसकी हालत में सुधार हुआ।

# आईवीआरआई के विशेषज्ञों ने बचाई श्वेत बाघिन की जान



बाघिन की सर्जर करते आईवीआरआई के विशेषज्ञ। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दिल्ली चिड़ियाघर से आई डेढ़ वर्षीय बाघिन की छह घंटे चली जटिल सर्जरी
- डॉ. रोहित कुमार के नेतृत्व में डॉक्टरों की टीम ने किया ऑपरेशन

**अमृत विचार:** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) की विशेषज्ञ सर्जिकल टीम ने दिल्ली चिड़ियाघर की डेढ़ वर्षीय श्वेत बाघिन पर द्विपक्षीय टिबियल फ्रैक्चर से पीड़ित जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक की। बाघिन को 2 मार्च को फ्रैक्चर हुआ था। प्रारंभिक स्थिरीकरण 3 मार्च को फाइबरग्लास बैंडेजिंग का उपयोग करके चिड़ियाघर के पशु चिकित्सालय में किया गया था।

चोट की गंभीरता को देखते हुए, चार और पांच मार्च को उन्नत सर्जिकल हस्तक्षेप के लिए आईवीआरआई के निदेशक को सूचित किया गया। इसके बाद संस्थान की विशेषज्ञ टीम को ऑपरेशन के लिए बुलाया गया। 7 मार्च को आईवीआरआई की टीम ने लगभग छह घंटे तक चली मैराथन सर्जरी कर बाघिन के दोनों पैरों के फ्रैक्चर को सफलतापूर्वक ठीक किया। सर्जरी का नेतृत्व आईवीआरआई के सर्जरी विभाग के वैज्ञानिक डॉ. रोहित कुमार ने किया, जबकि उनके साथ डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. अमन, डॉ. साईं और डॉ. प्रेम की टीम मौजूद रही। ऑपरेशन के दौरान दाहिनी टिबिया को डबल प्लेटिंग तकनीक से स्थिर किया गया, जबकि बाईं टिबिया को रॉड-प्लेट कंस्ट्रक्ट की मदद से ठीक किया गया। बाघिन वर्तमान में पोस्ट-ऑपरेटिव निगरानी में है।

# टेट अनिवार्यता के विरोध में निकाला मशाल जुलूस

- यूटा की अगुवाई में शिक्षकों ने खोला मोर्चा
- पुराने शिक्षकों को टेट से मुक्त रखने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बरेली




मशाल जुलूस में बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** टेट (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की अनिवार्यता के विरोध में यूटा ने मशाल जुलूस निकाला। सैकड़ों शिक्षकों ने शासन और प्रशासन से पुराने शिक्षकों को टेट से मुक्त रखने की मांग की।

शनिवार शाम यूटा के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौर की उपस्थिति और जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में शिक्षक एकत्र हुए और शील चौराहा राजेंद्र नगर से मशाल जुलूस निकाला, जो शहीद स्मारक पर समाप्त हुआ। इस दौरान प्रदेश ने कहा कि अनुभव का कोई विकल्प नहीं है और योग्यता की पहचान वर्षों के समर्पण से होती है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यूटा बरेली का टेट के खिलाफ स्पष्ट विरोध है, जिन शिक्षकों ने 10-15 वर्षों से विपरीत परिस्थितियों में बेसिक शिक्षा की नींव मजबूत की, आज उनकी योग्यता को एक ''''पात्रता परीक्षा'''' की कसौटी पर कसना न्यायसंगत नहीं है। सेवा के बीच में नए नियम लागू करना प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध है। मशाल जुलूस में प्राथमिक शिक्षक संघ, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, महिला शिक्षक संघ, विशिष्ट बीटीसी अटेवा आदि संगठन शामिल हुए। मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, केसी पटेल, जितेंद्र पाल सिंह, तेजपाल मौर्य, हरीश बाबू, हेमंत कुमार, राज पल्याल, डॉ योगेश शर्मा, मानवेन्द्र यादव, सतेंद्र पाल सिंह, अरविंद गुर्जर, रमेश मौर्या, रामकिशन मौर्य, सत्यार्थ पाराशरी, पवन दिवाकर, ललित चौधरी आदि मौजूद रहे।

### ताला तोड़कर एक सप्ताह बाद खोला गया ब्लॉक कार्यालय

**बरेली, अमृत विचार :** एक मार्च को चौकीदार शेरगढ़ ब्लाक कार्यालय में ताला डालकर अवकाश पर चला गया। शनिवार को अधिकारियों की मौजूदगी में एक सप्ताह बाद ताला तोड़ा गया। इसके बाद विभागीय काम होना शुरू हो सका। दो दिनों से लोग अपने-अपने काम के लिए आते थे, जो वापस लौट जाते थे दरअसल, होली को लेकर ब्लॉक कार्यालय में चार मार्च तक अवकाश था। जिसके कारण कार्यालय में तैनात चौकीदार कृष्णदास एक मार्च को कार्यालय में ताला डालकर अवकाश पर चले गए। कार्यालय पांच मार्च को खुलना था, लेकिन कृष्णदास पांच मार्च को भी नहीं लौटे।

# जून तक पूरे करें जनगणना के कार्य

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जनगणना 2027 से पहले मकान सूचीकरण और मकानों की गणना कराने के लिए तैयारियां तेज हो गयी हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को हुई बैठक में 30 जून तक जनगणना से जुड़े सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ यह बताया गया कि 10 मार्च से मास्टर ट्रेनर जनगणना पदाधिकारियों और कार्मिकों को ट्रेनिंग देंगे।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जनगणना-2027 के कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में नोडल अधिकारी ने बताया कि जनगणना में किसी निश्चित क्षेत्र में रहने वाले लोगों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का आकलन किया जाता है। भारत में जनगणना की शुरुआत 1871 से हुई थी, आजादी के बाद यह 8 वीं जनगणना है। बैठक में जनगणना-2027 की प्रारंभिक तैयारियां, प्रशिक्षण, मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना, जिला जनगणना हस्तपुस्तिका, जनसंख्या की गणना, वित्त एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र, आंकड़ों के प्रकाशन एवं सारणीकरण आदि कार्यों को 30 जून तक निर्धारित समय में पूर्ण कराने के बारे में अवगत कराया। बैठक में जानकारी दी गयी कि जनगणना पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दी गयी है। जनगणना की शुरुआत से पूर्व मकानों की गणना की जाएगी। पोर्टल पर स्वगणना का भी प्रावधान है। जनगणना पूरी तरह पेपरलेस होगी, जिसके लिए 700 से 800 प्रगणक फील्ड कार्य के लिए नियुक्त किए जाएंगे। 6 प्रगणकों पर एक सुपरवाइजर की नियुक्ति होगी। प्रत्येक परिवार से 34 प्रश्नों की सूची भरवायी जाएगी। यह भी जानकारी दी गयी कि मास्टर ट्रेनरों की ट्रेनिंग हो गयी है, 10 मार्च से मास्टर ट्रेनर्स ट्रेनिंग देंगे, जिसके क्रम में ट्रेनिंग डैशबोर्ड की विस्तार से जानकारी देते हुए ट्रेनर की ऑनलाइन एंट्री करने, ट्रेनिंग बैच क्रिएट करने, ट्रेनिंग की तिथि और स्थान नियत करने के बारे में बताया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) संतोष कुमार सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, ईओ नगर निकाय सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# नैतिक मूल्यों के प्रसार पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कार्यक्रम में मौजूद सांसद व आर्य समाज से जुड़े लोग। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** आर्य समाज मॉडल टाउन में शनिवार को तीन दिवसीय 52 वें वार्षिकोत्सव का शुभारंभ वैदिक रीति से यज्ञ एवं मंत्रोच्चार के साथ किया गया।

मुख्य अतिथि सांसद छत्रपाल गंगवार ने आर्य समाज के शिक्षा, सामाजिक सुधार और राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद करते हुए कहा कि वर्तमान समय में समाज में जागरूकता, शिक्षा और नैतिक मूल्यों के प्रसार के लिए और अधिक सक्रिय भूमिका निभाना आवश्यक है। हर्षवर्धन आर्य ने कहा कि आर्य समाज समस्त हिंदुओं को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मुख्य वक्ता डॉ. श्वेत केतु शर्मा ने यज्ञ को केवल धार्मिक अनुष्ठान न मानते हुए इसे मानव जीवन और पर्यावरण की शुद्धि का माध्यम बताया। पं. भानु प्रकाश शास्त्री, डॉ. धारणा, पं. अवनींद्र शास्त्री और विजय पाल सिंह आर्य ने भी विचार रखे। हर्षवर्धन आर्य, सुरेश चंद्र आर्य, विवेक राजपूत, बबलू राजपूत, सतीश कातिब, सुनील कुमार, सुरेश कुमार अग्रवाल, सुशीला गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पंचायत करने के बाद विभिन्न मांगों को लेकर एएसडीएम रामजनम यादव को सौंपा ज्ञापन



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते भाकियू के पदाधिकारी। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने गन्ना कार्यालय में पंचायत करने के बाद विभिन्न मांगों को लेकर शनिवार दोपहर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री को संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन एएसडीएम रामजनम यादव को सौंपा।

पंचायत में जिला प्रवक्ता हाजी एम. इकबाल एडवोकेट ने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं उनकी रीढ़ समस्याओं के रहते टूट गयी है। तत्काल समाधान नहीं किया जा रहा है। किसान पिछले 10 वर्षों से लगातार ज्ञापन, प्रार्थना पत्र देते चले आ रहे हैं कि किसानों की फसलों को पेड़, पौधों को पशु, बन्दर, जंगली सुअर से अपूर्णनीय क्षति हो रही है। नीति आयोग के अध्यक्ष से शीघ्र उचित किसानों के हित में नीतियां बनाकर किसानों को लाभ पहुंचाने पर जोर दिया।

तहसील अध्यक्ष काशिफ रजा ने कहा कि किसानों के खेतों व आम के बागों की फसलों, फलों की सुरक्षा के वास्ते झटका मशीन व तार व पोल 90 प्रतिशत सब्सिडी पर उपलब्ध कराने की मांग उठाई। तहसील उपाध्यक्ष आमिर रजा एडवोकेट ने कहा कि बागवानी करने वाले किसानों को प्रत्येक ब्लॉक के प्रत्येक गांव में छोटे ट्रैक्टर तथा यंत्र चिन्हित कर सब्सिडी घटाकर उपलब्ध कराए जाएं। किसान नेता राजपाल यादव ने कहा कि आम, फलों का राजा है, जो मण्डी में 12 से 15 रुपये किलो बिकता है। सरकार से आम, आलू, सरसों, ज्वार, बाजरा का समर्थन मूल्य 60 रुपये प्रति किलो घोषित करने की मांग की। सेटेलाइट पर बस स्टैंड को छोड़ शाहजहांपुर रोड पर पुलिस चौकी के सामने रोडवेज बसें, इको वाहन, टुक-टुक, टैम्पो खड़े कर सवारियां भरते हैं इस वजह से जाम लग रहा है। पंचायत को राजा राकेश, धर्मेन्द्र, मुर्शिद खां, महफूज खां, राजपाल, अरबाज अली आदि ने संबोधित किया।

सिटी ब्रीफ

## बरेली की इंजीनियर ने रामलला को अर्पित की विशेष पीताम्बरी



**बरेली, अमृत विचार :** होली के पावन अवसर पर अयोध्या में बरेली की आस्था और भक्ति की अनोखी झलक देखने को मिली। बरेली की इंजीनियर श्रद्धा खण्डेलवाल ने अपनी फर्म 'भगवान जी की पोशाक' के माध्यम से तैयार की विशेष पीताम्बर पोशाक रामलला और राम दरबार को अर्पित की। विधि-विधान के साथ हुई पूजा-अर्चना के बाद पोशाक प्रभु को समर्पित की गई। बरेली से पहुंचे श्रद्धालुओं ने रामलला दरबार में फूलों की होली खेली और भक्ति गीतों के साथ उत्सव मनाया। श्रद्धा खण्डेलवाल वृंदावन के राधारमण मंदिर, बरेली के बांके बिहारी मंदिर और इस्कॉन मंदिर में भी भगवान को पोशाक अर्पित कर चुकी हैं। इस दौरान गिरधर गोपाल, विनय खण्डेलवाल, अशोक गोयल, राकेश खण्डेलवाल, नरेंद्र गुप्ता और मुदित चतुर्वेदी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## आज सभी सार्वजनिक शौचालय होंगे महिलाओं के लिए निशुल्क

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं के लिए विशेष पहल की है। शहर में निगम के अधीन सामुदायिक, सार्वजनिक और पिंक शौचालय रविवार को महिलाओं के लिए निशुल्क रहेंगे। प्रभारी अधिकारी (स्वच्छ भारत मिशन) राजीव कुमार राठी ने शौचालयों का संचालन करने वाली संस्था मैसर्स सुलभ इंटरनेशनल सोशल ऑर्गेनाइजेशन, मैसर्स स्प्रिंग वेव इण्टरनेशनल, मैसर्स बायोटेक पर्यावरण विकास सोसायटी, मैसर्स ज्योति विकास संस्थान, मैसर्स गिरजा सामाजिक सेवा संस्थान, मैसर्स ग्राम विकास संस्थान, मैसर्स सत्य सांई कन्स्ट्रक्शन को निशुल्क सुविधा देने के निर्देश दिए हैं। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि पहल न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देगी बल्कि सामाजिक जागरूकता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक संदेश भी प्रस्तुत करेगी।

# बेटियों की शिक्षा और आत्मनिर्भरता से बदल रहा समाज : सीडीओ

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

कार्यालय संवाददाता, बरेली



सीडीओ देवयानी।

- योजनाओं से मजबूत हो रहीं महिलाएं महिला प्रधान भी बन रहीं मिसाल

**अमृत विचार :** बदलते समय के साथ महिलाएं अब सामाजिक ही नहीं आर्थिक और प्रशासनिक क्षेत्रों में भी अपनी मजबूत भागीदारी दर्ज करा रही हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं और समाज में बढ़ती जागरूकता के चलते महिलाएं तेजी से आत्मनिर्भर बन रही हैं और विकास की मुख्यधारा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए मिसाल पेश कर रही हैं। इतना ही नहीं स्वयं सहायता समूहों से बढ़ रही आर्थिक भागीदारी से विकास में भी तेजी आ रही है। यह कहना अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) देवयानी का है, वह 2021 बैच की आईएएस अधिकारी हैं।

### सिविल सेवा परीक्षा के अभ्यर्थियों को सीडीओ ने दिया संदेश

सीडीओ देवयानी ने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं को सलाह देते हुए कहा कि तैयारी के दौरान सीमित और निर्धारित पुस्तकों पर ही ध्यान देना चाहिए। बाजार में उपलब्ध हर संसाधन के पीछे भागने के बजाय योजनाबद्ध अध्ययन करना अधिक प्रभावी होता है। उन्होंने कहा कि मॉक टेस्ट परीक्षा की तैयारी का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो तैयारी के स्तर को समझने में मदद करते हैं। साथ ही परीक्षा के किसी भी चरण में आत्मविश्वास बनाए रखना जरूरी है। मानसिक तनाव से बचने के लिए रोजाना कुछ समय खुद के लिए निकालना चाहिए और सोशल मीडिया का उपयोग सकारात्मक और ज्ञानवर्धक तरीके से करना चाहिए। शिक्षा, आत्मनिर्भरता और अवसरों की समानता से महिलाएं आज समाज में परिवर्तन की मजबूत धुरी बन रही हैं।

उन्होंने बताया कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं मौजूदा समय में स्वरोजगार से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत महिलाओं को ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे महिलाएं परिवार की आय बढ़ाने के साथ ही समाज में अपनी अलग पहचान भी बना रही हैं। सीडीओ ने कहा कि पंचायत स्तर पर भी महिलाएं नेतृत्व की नई मिसाल कायम कर रही हैं। भरतौल ग्राम पंचायत की बात करें तो उसकी प्रधान महिला हैं। जिन्होंने ग्रामीण विकास और बेहतर कार्यों के लिए प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार को अपने झोली में किया है। यह दिखाता है कि महिलाएं प्रशासनिक जिम्मेदारियों को भी प्रभावी ढंग से निभा रही हैं।

सीडीओ ने बताया कि बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जनपद में 18 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। जहां दूरदराज क्षेत्रों की बेटियों को शिक्षा और आवास की बेहतर सुविधा मिल रही है। इससे बेटियों के भविष्य को नई दिशा मिल रही है। इसका सकारात्मक असर देश की सर्वोच्च प्रतियोगी परीक्षाओं में भी देखने को मिल रहा है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षाओं में अब लगातार अधिक संख्या में महिलाएं सफलता हासिल कर रही हैं।

## शेरगढ़ की ब्लॉक इकाई का गठन

**बरेली, अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षक संघ बरेली के जिला अध्यक्ष जितेंद्र गंगवार की अध्यक्षता में शेरगढ़ की ब्लॉक इकाई का गठन किया गया। बैठक में शेरगढ ब्लॉक प्रभारी देवेंद्र गंगवार एवं सहप्रभारी गिरजेश कुमार शामिल रहे।

ब्लॉक कार्यकारिणी में अध्यक्ष पंकज गंगवार, मंत्री नफीस मोहम्मद खां, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र गंगवार, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार, संयुक्त मंत्री चंदन कुमार ग्रेसवाल, संगठन मंत्री हिमांशु गंगवार, उपाध्यक्ष विजय सिंह, संगठन मंत्री पिंकू सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी नितिन कुमार चुने गए।

# महिलाओं के योगदान से ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव

## बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

कार्यालय संवाददाता, बरेली




अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकाएं। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ एलाइड एंड हेल्थ केयर साइंसेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसका उद्देश्य समाज में सहयोग, सेवा और सशक्तिकरण की भावना को बढ़ावा देना था।

कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रो. तबस्सुम फातिमा ने कहा कि जब महिलाएं एक-दूसरे का सहयोग करती हैं और समाज के लिए सकारात्मक कार्य करती हैं, तभी सच्चे अर्थों में सशक्तिकरण संभव होता है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने कहा कि महिलाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज के हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस दौरान विभिन्न मनोरंजक एवं रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाएं समाज की सशक्त आधारशिला हैं और उनके योगदान से ही एक समृद्ध एवं प्रगतिशील राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को महिलाओं के सम्मान और उनके उत्साहवर्धन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

असिस्टेंट प्रो. सुजाता कटियार, महिमा तिवारी, गुलफशां सैफी, डॉ. सुम्बुल खान, डॉ. पूजा कटियार, उपासना यादव, स्वर्णिमा सिंह, शिखा कुमारी, फरहीन, मनीषा सक्सेना, श्रेया भारद्वाज, अम्बर आजमी, सबा नाज, मुस्कान मलिक, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी अंकित कुमार की सक्रिय सहभागिता रही। संचालन डॉ. साक्षी भटनागर ने किया।

## नारी शक्ति के बिना एक समृद्ध समाज की कल्पना असंभव




**बरेली, अमृत विचार :** नारी शक्ति के बिना एक समृद्ध समाज की कल्पना असंभव है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं। शनिवार को सृजन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से पूजा सेवा संस्थान में आयोजित महिला सम्मान समारोह में ये बातें मुख्य अतिथि माधवराव सिंधिया स्कूल के चेयरमैन सौरभ कुमार अग्रवाल ने कहीं। सोसाइटी की अध्यक्ष डॉ. दीक्षा सक्सेना ने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने और समाज में अपनी सशक्त पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। संरक्षक राजीव सक्सेना और उपाध्यक्ष रविंद्र शर्मा ने नारी सशक्तिकरण पर बल दिया। पूजा सेवा संस्थान के विशेष बच्चों को उपहार दिए गए। पंजाबी सेवा संगठन की अध्यक्ष मनीषा आहुजा, वरिष्ठ नेता नीलम जेठा, स्कूल की प्राचार्या राखी सागर, डांस अकादमी की डाइरेक्टर मोनिका शर्मा, प्रसिद्ध ब्लॉगर अर्चना पाठक और शिक्षिका डॉ नीतू शर्मा को उनकी समाज में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए मोमेंटो और राम दरबार देकर सम्मानित किया गया। अमित गौड़, दिलीप पाठक, राजीव सक्सेना, रविंद्र शर्मा, हरीश गंगवार, दीपक शर्मा, विजय कुमार, शेफालिका, कविता अरोड़ा, शशि, मंगलेश सक्सेना, नीतू साहनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट कार्य पर महिलाओं को किया गया सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** वरिष्ठ नागरिक कल्याण सोसायटी एवं चित्रकार संघ बरेली के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार की शाम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर मनोहर भूषण इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित चित्रकार डॉ महेंद्र कुमार सक्सेना एवं चित्रकार डॉ अजय रघुवंशी ने किरन प्रजापति को चित्रकला और कविता में विधि रस्तोगी, चित्रकला में चंद्रा दियूलिया, उमा बिष्ट को सांस्कृतिक क्षेत्र, अल्का श्रीवास्तव को पेंटिंग, तारा पांडेय को नृत्यकला, ज्योति रानी को पेंटिंग, गीता पांडेय को पेंटिंग में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया। बीना रस्तोगी ने सभी का माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेश पाल गुप्ता ने की। इस अवसर पर कमलेश बिष्ट, देवेन्द्र दियूलिया ने गीत गाए।

## महिलाओं को सम्मानित किया



**बरेली, अमृत विचार :** इनर व्हील क्लब बरेली जुपिटर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर साहू रामस्वरूप की पूर्व प्रधानाचार्य शशि वाला राठी, फन सिटी की डायरेक्टर अमिता अग्रवाल को सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि समाज में महिलाओं की अहम भूमिका है। शिक्षित महिला एक अच्छे परिवार अच्छे वातावरण को बनती है। क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट रचना सक्सेना ने महिलाओं को सम्मानित किया। नीलम साहनी, मोनिका शर्मा, झरना सक्सेना, शालू सक्सेना, किरण मौजूद रहीं।

## केशलता इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने पाया तीसरा स्थान




नेटबॉल में मेडल जीतने वाली खिलाड़ियों के साथ शिक्षक। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 9 वीं प्रदेश जूनियर स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप में हुईं थीं शामिल

**अमृत विचार :** केशलता इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने 9 वीं उत्तर प्रदेश नेटबॉल चैंपियनशिप (बालिका वर्ग) 2025-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। निधि पटेल और सिमरित कौर ने खेल जगत में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

प्रतियोगिता 28 फरवरी से एक मार्च तक गाजियाबाद के महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में डिस्ट्रिक नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन गाजियाबाद की ओर से आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में कई जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया था। केशलता इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने शानदार खेल और टीमवर्क के साथ अनुशासन का परिचय देते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय की निदेशिका डॉ. लता अग्रवाल, प्रधानाचार्य ममतेश माहेश्वरी, उप-प्रधानाचार्य डॉ निशा शर्मा व प्रशासनिक अधिकारी सुधांशु शर्मा ने खिलाड़ियों और उनके शिक्षक आकाश पटेल को बधाई दी।

## हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहीं हैं महिलाएं : डीआरएम

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कार्यक्रम में मौजूद रेलवे अधिकारी और कर्मचारी। • अमृत विचार

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर इज्जतनगर मंडल में हुआ कार्यक्रम



कार्यक्रम में बोलतीं डीआरएम वीणा सिन्हा। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर मंडल चिकित्सालय इज्जतनगर ने अधिकारी क्लब में कार्यक्रम आयोजित किया। महिला कर्मचारियों के लिए कैंप लगाकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गयी।

मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा ने कहा कि महिलाओं को बदले सामाजिक परिवेश में काफी अधिकार प्राप्त हो चुके हैं। शेष अधिकारों को हासिल करने के लिए उन्हें सदैव संघर्षरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि रेलवे में महिलाएं सभी प्रकार के कर्तव्यों का निर्वहन पूरी कर्मठता से कर रहीं हैं। खेल, कूद एवं मानव सेवा के क्षेत्र में भी महिलाएं अग्रणी भूमिका निभा रहीं है। महिलाओं को काम के साथ-अपने स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. यूएस नाग ने कहा कि महिलाएं भी लोको पायलट के रूप में गाड़ियां चला रहीं हैं। डॉ. विदुषी ने बताया कि माहवारी एक प्राकृतिक हार्मोनल प्रक्रिया है, जिसमें हर महीने महिलाओं के गर्भाशय की परत टूटकर रक्त के माध्यम से बाहर निकलती है। एसआरएमएस के गायनी कैंसर एवं एंडोस्कोपी सर्जन डॉ. मनोज कुमार टांगरी ने कहा कि स्वस्थ नारी से स्वस्थ परिवार का निर्माण होता है। अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोहर कुमार, चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, शाखा अधिकारी व रेल कर्मी मौजूद रहे।

सिटी डायरी

## स्वयंसेवक स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति करेंगे जागरूक




**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई-प्रथम की ओर से शनिवार को बरेली कॉलेज के कंप्यूटर सेमिनार हॉल में सात दिवसीय विशेष शिविर 'कौशल विकास हेतु युवा' का आयोजन हुआ। जिसका उद्‌घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर प्रचारक मयंक साधु ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजीव यादव ने स्वयंसेवकों को शिविर की रूपरेखा समझाते हुए बताया कि सात दिनों तक वे कालीबाड़ी मलिन बस्ती में स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के विषयों पर लोगों को जागरूक करेंगे। शिविर के अंत में स्वयंसेवकों के अनुभव के आधार पर प्रशासनिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर का समापन 13 मार्च को होगा। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. स्वदेश सिंह ने कहा कि कॉलेज के स्वयंसेवक अध्ययन के साथ समाज सेवा में भी सक्रिय हैं। पार्षद हरिशंकर ने युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर प्रचारक मयंक साधु ने स्वयंसेवकों से सेवा भाव बनाए रखने और समाज में सक्रिय योगदान देने की अपील की। संचालन स्वयंसेवक अमन ने किया और आभार डॉ. राजीव यादव ने व्यक्त किया। अनुराग, निशांत पटेल, मोहम्मद फैज, अभिषेक पाल, आर्यन पांडे, सुमित मौर्या, मुकेश कुमार, हेमंत सिंह चौहान, विधान यादव, साहिल अल्वी, मुनेंद्र, आदिल, असलम, सुरजन कुमार, ईशन गुप्ता, अभिषेक पाल, लल्ला बाबू, सोहन पाल, आदर्श अवस्थी, रवि प्रकाश गंगवार, राहुल सिंह, विष्णु शर्मा, चित्रांश, देवेंद्र, हरबंस आदि मौजूद रहे ।

## ग्रामीणों को पशुपालन व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेंगे छात्र



**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से शनिवार को हमीरपुर गांव में सात दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ। इस मौके पर राजवीर सिंह ने कहा कि छात्र गांव में पशुपालन की वैज्ञानिक पद्धतियों और पशु रोगों की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाकर ग्रामीणों को लाभ पहुंचा सकते हैं। उन्होंने युवाओं से समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। बताया कि शिविर के तहत पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन तथा जैव प्रौद्योगिकी के छात्र-छात्राएं गांव में विभिन्न सामाजिक विषयों पर सर्वेक्षण कर रहे हैं। इनमें महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, बाल कल्याण, तंबाकू सेवन के दुष्प्रभाव और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता जैसे मुद्दे शामिल हैं। सर्वेक्षण से प्राप्त जानकारी के आधार पर आगामी दिनों में ग्रामीणों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। इस दौरान हरीश, जयसिंह, सोमपाल, सावित्री आदि ग्रामीण मौजूद रहे। संस्थान के निदेशक डॉ. राघवेन्द्र भट्टा, संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक) डॉ. एस. के. मेंदिरत्ता, प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एस. के. साहा, डॉ. आरएस सुमन, वीर सिंह, ओमप्रकाश आदि ने आभार व्यक्त किया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार के मार्गदर्शन में किया गया।

## कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया




**बरेली, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आईवीआरआई के केवीके में शनिवार को नाबार्ड ने कृषि, मधुमक्खी पालन, स्वयं सहायता समूह नेतृत्व, किसान उत्पादक संगठन और कृषि सखियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि यूपीजीबी के रीजनल मैनजर नीरज टंडन और विशिष्ट अतिथि केवीके के निदेशक डॉ. एसआर मीणा रहे। डीडीएम नाबार्ड अभिषेक मिश्रा ने ग्रामीण महिलाओं को आधुनिक तकनीकों, डिजिटल उपकरणों को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. एच.आर. मीणा ने महिलाओं को नए कौशल सीखने और आजीविका के अवसर अपनाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि नीरज टंडन ने समूहों को ऋण, वित्तीय साक्षरता और उद्यमिता विकास में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का समन्वय पूर्व वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता दीपक श्रीवास्तव ने किया। प्रशिक्षित उद्यमियों को उपकरण वितरित किए गए।

नवाचार — उच्च प्राथमिक विद्यालय फतेहगंज पश्चिमी में एआई की मदद से कक्षाओं में तैयार कीं थ्री डी तस्वीरें

# शिक्षिका संगीता सिंह ने तकनीक से बदला क्लास का माहौल

संजय शर्मा, बरेली

- तकनीक के प्रयोग से स्कूल की दीवारों पर उगते हैं सूरज और चांद
- कक्षा में चीता, ऊंट और बिल्ली तमाम जानवरों संग पढ़ते हैं बच्चे



स्कूल में बच्चों को पढ़ातीं शिक्षका संगीता सिंह। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** बरेली के फतेहगंज पश्चिमी स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका संगीता सिंह ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की ताकत को पहचाना ही नहीं उसका शिक्षा में नवाचार के रूप में इस्तेमाल भी शुरू कर दिया। संगीता ने एआई की मदद से थ्री डी तस्वीरें बनाईं। अब बच्चे थ्री डी तकनीक से तैयार किए चीता, ऊंट और बिल्ली जैसे जानवरों के साथ खेलते हुए पढ़ाई कर रहे हैं। स्कूल का माहौल देखकर लगता है कि मानो वन्य जीव सच में बच्चों के बीच आ गए हों।

उच्च प्राथमिक विद्यालय फतेहगंज पश्चिमी में तैनात शिक्षिका संगीता सिंह ने एआई की मदद से पढ़ाने का ऐसा तरीका खोजा की कक्षा का माहौल पूरी तरह बदल दिया है। वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से कक्षाओं की दीवारों पर थ्री-डी दृश्य तैयार करती हैं। कभी दीवारों पर सूरज उगता दिखाई देता है तो कभी चांद और तारे चमकते नजर आते हैं। वहीं कभी चीता, ऊंट या बिल्ली जैसे जानवर बच्चों के बीच मौजूद नजर आते हैं। इन रोचक दृश्यों के बीच बच्चे पढ़ाई का आनंद लेते हुए नई चीजें सीख रहे हैं। संगीता सिंह लंबे समय से शिक्षण कार्य में तकनीक का प्रयोग कर रही हैं। वह जूम-एप के माध्यम से पढ़ाने, क्यूआर कोड के जरिये शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने और सूचना एवं संचार तकनीक (आईसीटी) के प्रयोग में भी आगे हैं। उनके इन प्रयासों से न केवल स्कूल का माहौल बदला है, बल्कि बच्चे भी नई तकनीकों के प्रति जागरूक हो रहे हैं।

### एआई के प्रयोग से नए लेसन भी होते हैं तैयार

संगीता सिंह बच्चों की पढ़ाई में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर रही हैं। एआई की मदद से वह बच्चों के लिए नए लेसन प्लान तैयार करती हैं और पढ़ाई को रोचक बनाने के लिए नए-नए तरीके खोजती रहती हैं। उनके पढ़ाई के इस तरीके से बच्चों की पाठ्य सामग्री को याद रखने का तरीका और तेज हो रहा है।

> ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में बच्चों को कक्षा में बनाए रखना शिक्षकों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इसके लिए पढ़ाई में विविधता लाना जरूरी है। आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है और छोटे-छोटे प्रयोगों के जरिये वह बच्चों को एआई से परिचित करा रही हैं। इसका सकारात्मक प्रभाव बच्चों के शैक्षिक स्तर पर भी दिखाई दे रहा है। – **संगीता सिंह**, शिक्षिका



थ्री डी इमेज के साथ छात्र।